**प्रेस नोट          पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद          दिनांक 02.03.2026**

**थाना लोनी क्षेत्र अंतर्गत अली गार्डन निठौरा रोड निवासी सलीम वास्तिक पर जानलेवा हमला कारित करने वाला एक लाख रुपये का ईनामी बदमाश जीशान पुत्र बुनियाद अली पुलिस मुठभेड़ मे ढेर।**

•दिनांक 26-02-2026 को प्रातः करीब 08 बजे सलीम वास्तिक उर्फ वास्तविक पुत्र नूर हसन निवासी अली गार्डन निठौरा रोड़ थाना लोनी कमिश्नरेट गाजियाबाद पर उसके कार्यालय में दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा धारदार हथियार से प्रहार कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया गया था जिसका उपचार वर्तमान में मैक्स हास्पिटल, साकेत में चल रहा है। उक्त घटना के संबंध में थाना लोनी पर मुकदमा अपराध संख्या 050/2026 धारा 109(1)/3(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया था जिसमे विवेचना से सुसगंत साक्ष्य उपलब्ध होने पर धारा 333 बीएनएस की वृद्धि की गयी।

•इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस / सीसीटीवी कैमरो एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर उक्त प्रकरण में अभियुक्त जीशान पुत्र बुनियाद अली निवासी कस्बा सैदनगली थाना सैदनगली जनपद अमरोहा हाल पता मंगल बाजार मदर इंडिया स्कूल के पीछे अली हसन के मकान में किरायेदार ,खोडा थाना खोड़ा जनपद गाजियाबाद तथा गुलफाम पुत्र बुनियाद अली निवासी कस्बा सैदनगली थाना सैदनगली जनपद अमरोहा हाल पता मंगल बाजार मदर इंडिया स्कूल के पीछे अली हसन के मकान में किरायेदार ,खोडा थाना खोड़ा जनपद गाजियाबाद का नाम प्रकाश में आया।

•प्रकरण की संवेदनशीलता के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा अभियुक्तगण पर 01 लाख रुपये का पुरस्कार भी घोषित किया गया है ।

**घटनाक्रम ( दिनांक 01-03-2026)**

आज दिनांक 01-03-2026 मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि उक्त घटना में शामिल अभियुक्तगण आज पुनः रात्रि में लोनी क्षेत्र में किसी व्यक्ति के साथ कोई घटना कारित करने पुनः आ रहे है । उक्त सूचना पर थाना लोनी और स्वाट टीम देहात जोन के द्वारा निठौरा रोड रेलवे अडंरपास के पास घेराबंदी की गयी । समय करीब 21.10 बजे निठौरा की ओर से एक बाइक आती दिखाई दी। जिसे रोकने का प्रयास करने पर बाइक सवार बदमाशो द्वारा पुलिस टीम पर सीधा फायर किया गया और बायीं ओर मुडते समय रफ्तार अधिक होने के कारण बाइक स्लिप हो गयी । इसके उपरांत बदमाशो द्वारा रेलवे अंडरपास के स्थित खाली प्लाट की बाउंड्री की आड़ लेकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किये गये । बदमाशो की फायरिंग मे 02 पुलिसकर्मी है0का0 विपिन ठाकुर व है0का0 सचिन कुमार घायल हुए तथा थाना प्रभारी लोनी तथा उ0नि0 नितिन चौधरी की बुलेट प्रूफ जैकेट में गोली लगी । अन्य कोई विकल्प न बचने पर पुलिस द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ फायरिंग में एक बदमाश गम्भीर रुप से घायल हो गया जिसको उपचार

हेतु 50 सैय्या अस्पताल भेजा गया जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। बदमाश की शिनाख्त जीशान पुत्र बुनियाद अली निवासी कस्बा सैदनगली थाना सैदनगली जनपद अमरोहा हाल पता मंगल बाजार मदर इंडिया स्कूल के पीछे अली हसन के मकान में किरायेदार ,खोडा थाना खोड़ा जनपद गाजियाबाद के रुप में हुई है तथा एक अन्य अज्ञात अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा।

**अभियुक्त का नाम एवं पता-**

जीशान पुत्र बुनियाद अली निवासी कस्बा सैदनगली थाना सैदनगली जनपद अमरोहा हाल पता मंगल बाजार मदर इंडिया स्कूल के पीछे अली हसन के मकान में किरायेदार ,खोडा थाना खोड़ा जनपद गाजियाबाद

**मुठभेड़ के दौरान बरामदगी**

1. एक पिस्टल .32 बोर मेड इन इटली
2. 06 जिंदा कारतूस .32 बोर
3. 08 खोखा कारतूस .32 बोर
4. 01 बाइक स्प्लेंडर
5. 01 पेपर कटर खूनालुदा जिससे सलीम वास्तिक उर्फ वास्तविक पर जानलेवा हमला किया गया

**मुठभेड़ मे शामिल पुलिस टीम**

- थाना लोनी पुलिस टीम
- स्वाट टीम देहात जोन

**उक्त मुठभेड़ के संबंध मे अग्रिम वैधानिक कार्यवाही थाना लोनी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा संपादित की जा रही है।**

**यूपी-112 परियोजना के अन्तर्गत 05 नये पीआरवी वाहनों को कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में संचालित किये जाने के सम्बन्ध में**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक लॉजिस्टिक उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा यूपी-112 परियोजना के द्वितीय चरण में कमिश्नरेट गाजियाबाद को 05 चार पहिया पीआरवी वाहन (05 इनोवा) आवंटित की गयी है जिससे कॉलर/पीडित को आपातकालीन स्थिति में तेजी से प्रतिक्रिया समय में मदद मिलेगी और रेस्पॉन्स टाइम में भी सुधार आयेगा इसके अतिरिक्त 05 नये चार पहिया पीआरवी वाहन के यूपी-112 कमिश्नरेट गाजियाबाद में शामिल होने से हमारी आपातकालीन सेवाएं और अधिक प्रभावी होंगी।

श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त यूपी-112/ यातायात प्रथम महोदय द्वारा दिनांक 02.03.2026 समय 10:00 बजे पुलिस लाइन, कमिश्नरेट गाजियाबाद से निम्नलिखित थाना क्षेत्रों में 05 चार पहिया पीआरवी (पुलिस रेस्पॉन्स व्हीकल) वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर संचालित किया गया। मौके पर प्रभारी निरीक्षक यूपी-112, उप निरीक्षक परिवहन शाखा- यूपी-112 एवं कार्यालय यूपी-112 के समस्त कर्मचारीगण मौजूद रहे।

| क्र0. सं0 | पीआरवी वाहन | थाना क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1 | UP 32 DG 8656 (इनोवा) | क्रासिंग रिपब्लिक |
| 2 | UP 32 DG 8657 (इनोवा) | विजयनगर |
| 3 | UP 32 DG 8658 (इनोवा) | साहिबाबाद |
| 4 | UP 32 DG 8659 (इनोवा) | साहिबाबाद |
| 5 | UP 32 DG 8660 (इनोवा) | लिंक रोड |

**साइबर सेल थाना भोजपुर पुलिस टीम द्वारा साइबर फ्रॉड में ठगी गई कुल 32,500/- रूपये की धनराशि वापस करायी गयी।**

आज दिनांक 02.03.2026 को साइबर सेल थाना भोजपुर कमिश्नरेट गाजियाबाद की टीम द्वारा आवेदक सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम अमराला, थाना भोजपुर, गाजियाबाद के साथ हुए साइबर फ्रॉड में ठगी गई कुल धनराशि 32,500 /- रूपये की धनराशि आवेदक को वापस करायी गयी ।

**कार्यवाही का विवरण:-**

साइबर क्राइम अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के परिणाम स्वरूप साइबर सेल थाना भोजपुर गाजियाबाद को NCRP पोर्टल के माध्यम से आवेदक के साथ 32,500 /- रूपये की ऑनलाइन ठगी (प्रार्थी के फोन को हैक कर खाते से 32,500 /- रूपये निकाले गये थे) से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई थी जिस पर साइबर सेल थाना भोजपुर, कमिश्नरेट गाजियाबाद की टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आवेदक के साथ हुई ऑनलाइन ठगी की धनराशि को होल्ड कराया गया व अथक प्रयासों के बाद आज दिनांक 02.03.2026 को आवेदक के साथ हुई साइबर फ्रॉड की कुल धनराशि 32,500 /- रुपये वापस करायी गयी। आवेदक द्वारा थाना भोजपुर आकर पुलिस टीम का आभार प्रकट किया गया।

## कार्यवाही करने वाली पुलिस टीमः-

साइबर सेल थाना भोजपुर कमिश्नरेट गाजियाबाद।

**कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा 09 शातिर अपराधियो के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही की गयी।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय, कमिश्नरेट गाजियाबाद श्री जे0 रविन्दर गौड व श्रीमान पुलिस उपायुक्त नगर महोदय, कमिश्नरेट गाजियाबाद श्री धवल जायसवाल के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के कम में अपराध नियंत्रण हेतु 09 शातिर अपराधियो के विरूद्ध नगर जोन के थाना सिहानीगेट / कविनगर/विजयनगर /मधूबन बापुधाम पर गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही की गयी है, जिनके विरूद्ध कमिश्नरेट गाजियाबाद व अन्य जनपदों के विभिन्न थानों पर 44 से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं, शातिर अपराधियों का विवरण निम्नवत है।

| नाम थाना | क0 सं0 | अपराधी का नाम | उम्र | पंजीकृत अभियोगों की सं0 |
|---|---|---|---|---|
| सिहानीगेट | 1 | दीपक पुत्र दुविजय निवासी गुलधर फाटक के पास सेक्टर 23 संजय नगर थाना मधुबन बापूधाम कमीश्नरेट गाज़ियाबाद। | 24 वर्ष | 6 |
| | 2 | धर्मेन्द्र पुत्र भगत सिंह, निवासी गुलधर प्रथम निकट प्राइमरी स्कूल के पास 23 संजय नगर थाना मधुबन बापूधाम कमीश्नरेट गाज़ियाबाद। | 22 वर्ष | 3 |
| | 3 | फुरकान पुत्र रहमान निवासी ग्राममोरटा थाना मधुमन बापूधाम कमीश्नरेट गाज़ियाबाद। | 28 वर्ष | 2 |
| कविनगर | 4 | करण पुत्र दिनेश निवासी दौलतपुरा भाटिया मोड़ थाना कोतवाली कमीश्नरेट गाज़ियाबाद। | 22 वर्ष | 3 |
| | 5 | हिमांशु पुत्र विजेंदर निवासी दौलतपुरा भाटिया मोड़ थाना कोतवाली कमीश्नरेट गाज़ियाबाद। | 22 वर्ष | 2 |
| विजनगर | 6 | अमन पुत्र वेद प्रकाश निवासी मकान नंबर 119 भीमनगर थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक कमीश्नरेट गाजियाबाद। | 24 वर्ष | 4 |
| | 7 | हैप्पी उर्फ अभिषेक पुत्र ब्रह्मपाल निवासी एल ब्लाक सेक्टर 09 थाना विजय नगर कमीश्नरेट गाज़ियाबाद। | 24 वर्ष | 2 |
| मधुबन बापूधाम | 8 | सोनू उर्फ सोनी पुत्र राकेश निवासी ग्राम शाहपुरा थाना मुरादनगर कमिश्नरेट गाज़ियाबाद। | 21 वर्ष | 13 |
| | 9 | राजा उर्फ सुकेश पुत्र भीमसेन निवासी ग्राम शाहपुरा थाना मुरादनगर कमिश्नरेट गाज़ियाबाद। | 23 वर्ष | 9 |